एक नजर में

## बालिका सुरक्षा व जागरूकता को लेकर कार्यशाला



**इंदौर** . बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय सीखकर विषम परिस्थितियों में हिम्मत नहीं हारना चाहिए . हर मुश्किल का सामना करें और जरूरत पड़ने पर मदद के लिए आवाज भी लगाए ।यह बात बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता सदस्य संगीता सिंह ने उमिया पाटीदार हाई सेकेंडरी स्कूल रंगवासा में महिला एवं बाल विकास विभाग और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशाला में कहीं . कार्यशाला में उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक ने बाल विवाह प्रतिशत अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चे अपने परिवार को जागरूक करेंगे तो समाज इस कुप्रथा से दूर होगा . उन्होंने उपस्थित बच्चों, शिक्षक और समुदाय को बाल विवाह मुक्त भारत एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई . साइबर अपराध शाखा के उप निरीक्षक शिवम ठक्कर ने ऑपरेशन मुस्कान ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता संबंधी जानकारी दी . विधिक सेवा प्राधिकरण के सुनीता ठक्कर और शशि कुशवाहा ने कानूनी सहायता को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी .

## छत्रपति शिवाजी जयंती पर चार दिवसीय कार्यक्रम

**इंदौर** . म . प्र . क्षत्रिय मराठा मंडल एवं छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 19 फरवरी से नगर में चार दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है . इस अंतर्गत बच्चों की चित्रकला स्पर्धा, देशभक्ति पूर्ण गीतों की प्रस्तुति, सम्मान समारोह एवं विशेष रूप से महाराष्ट्र से आमंत्रित वक्ताओं के व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाएगा . इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती राष्ट्रीय एकता सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय संस्था की आवश्यक बैठक में लिया गया . संस्था द्वारा सफलतापूर्वक समारोह आयोजित करने का यह 42 वर्ष है . इस अवसर पर सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह समिति के पदाधिकारीयों की घोषणा भी की गई, जिसमें संयोजक एडवोकेट मनोहर पवार, अध्यक्ष विठ्ठलराव गोलांडे, उपाध्यक्ष संजय लोनकर, हरिशंकर रायकवार, दीपक फाल्के, ललित ठोंबरे, सचिव बबन कदम, विनोद नागरे, राजेश निकम, रविंद्र गट्ट, कोषाध्यक्ष अशोक गायकवाड सह सचिव राजश्री चिटनिस, साक्षी नागरे सांस्कृतिक सचिव विकास चव्हाण, सुरेश सुरोशी, विजय पुणेकर, शिवाजी वामनकर, प्रचार सचिव अमित आमनापुरकर, वीरेंद्र पुणेकर ,सतीश चव्हाण, महिला प्रतिनिधि डॉ .आशा गायकवाड,डॉ .प्रणिता महाडीक, सुश्री मंगला गौरसे , वर्षा खानविलकर तथा परामर्शदाता समिति में डॉ प्रकाश मटकर,शिवाजी मोहिते,पार्षद सुरेश टाकलकर ,डॉ प्रभाकर चौखंडे,रविंद्र सोमवंशी,अशोक आमनापुरकर, प्रकाश सूर्यवंशी, बालकृष्ण पवार , सुभाष वाघमारे ,दिनकराराव अडसुले आदि मनोनीत किए गए . संस्था संयोजक एडवोकेट मनोहर एवं सचिव बबन कदम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न समितियों का गठन किया जाकर ,नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त कर समारोह भव्य पैमाने पर मनाया जाएगा .

# सेहरा सजा, दुल्हा बने भगवान नीलकंठेश्वर महादेव, भूत-पिशाच संग निकली बारात

- शाही बारात : 6 घंटे तक शहर में घूमी शिव बारात, एक किमी तक बारातियों की लाइन, शिव मित्र मंडल ने किया विशेष आयोजन
- लोगों ने पुष्पवर्षा और घरो के बाहर रंगोली और द्वीप जलाकर किया स्वागत, दिनभर चला अभिषेक का दौर



**पेटलावद। हर हर महादेव..भोले शंभू भोले नाथ...जैसे जयकारो से गुंजायमान नगर, नाचतीकृगाती गीत टोलियां, ढोल-नगाड़ो व डीजे और बैंड की धुन पर थिरकते युवा, हर घर आंगन में द्वीप जलाकर रंगोली बनाकर व फूलो की वर्षाकर होता स्वागत।**

यह नजारा था महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान नीलकंठेश्वर महादेव प्रांगण से निकली भगवान महादेव की शाही बारात का। शिव मित्र मंडल ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान महादेव की विशाल शाही बारात निकाली। भगवान महादेव का सेहरा सजाया गया तो भूत-पिशाचों के संग शाम 5 बजे बारात भी निकाली गई।

**सुबह से लेकर रात तक एक झलक पाने के लिए लगी रही कतारे-** दिनभर शिव मंदिरो में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भजन संध्या के आयोजन भी हुए। निलकंठेश्वर महादेव की झलक पाने अलसुबह 5 बजे से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर आगे बढ़ते रहे और बाबा के दर्शन लाभ लिए। बारात में मौजूद झांकियो को देखने के लिए सडको पर लोगो का हूजूम उमड़ा। वहीं शिव बारात में शामिल भक्त रास्ते भर थिरकते रहे। बारात का नागरिको एवं कई सामाजिक संगठनो ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शाही बारात के लिए पुराना बस स्टैंड पर नगर परिषद के द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। सुरक्षा की दृटि से पुलिस और प्रशासन चुस्त-दुरूस्त रहा। किसी प्रकार की अनहोनि घटना न घटे इसके लिए पुलिस की जवान अलग-अलग टुकड़ियों में अलग-अलग चौराहे और मार्गो पर तैनात किए गए थे। पुलिस अधिकारी अपने दलबल के साथ कमान संभाले हुए थे।

### ये रहे आकर्षण का केंद्र-

बग्घी में सवार भोलेनाथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहे इसके साथ ही कलाकारों द्वारा भस्म रमईया अघोरी रूप की पेशकश,शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति दी गई, मालवा के प्रसिद्ध मान गए उस्ताद ढोल पार्टी, मालवा की मशहूर बैंड पार्टी राजकमल बैंण्ड गजनीखेडी, श्री राम डीजे, राज डीजे, डीके डीजे, साई डिजे, द्वारा संगीतमय डीजे धमाका, अंबिका लाइट डेकोर द्वारा मंदिर लाइट डेकोरेशन भी आकर्षण का केंद्र रहें। यहां हुई विशेष प्रस्तुतियां- शोभाभायात्रा में न्यू बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, गणपति चौक, अंबिका चौक, सुभाष मार्ग, भेरू चौक, राजापुरा, तिलक मार्ग, झंडा बाजार, कहार मोहल्ला, गांधी चौक, साई मंदिर चौराहा पर पर विशेष प्रस्तुतियां दी गई। जिसकी नगरवासीयों ने खूब सराहना की। रात 12 बजे हुई 101 दीपो से महाआरती- शाही बारात का समापन निलकंठेश्वर महादेव मंदिर में रात 12 बजे हुआ। इसके बाद 101 दीपको से महाआरती का आयोजन हुआ। रात में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाआरती का लाभ उठाया। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण भी हुआ। किसी ने मिठाई, तो किसी ने फलो, किसी ने दूध का शरबत बनाकर भक्तो में वितरण किया।

# सभी विभाग ई-ऑफिस पर कार्य करना सुनिश्चत करें : कलेक्टर

- \- कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में साप्ताहिक टीएल बैठक

**आलीराजपुर।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र और संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें तथा अपनी विभागीय ग्रेडिंग में सुधार करते हुए 'ए' ग्रेड प्राप्त करने का प्रयास करें।'संकल्प से समाधान' अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही आगामी कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और सभी विभागों को अपने-अपने कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया।

ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा में नगर पालिका परिषद आलीराजपुर के सीएमओ द्वारा संतोषजनक प्रगति नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही सभी जनपद पंचायत सीईओ को ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



### महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की

कलेक्टर माथुर ने निर्देशित किया कि सभी विभाग ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही फाइलों का संचालन करें और शत-प्रतिशत ई-ऑफिस पर कार्य सुनिश्चित करें। खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने समय पर वितरण एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 27 फरवरी को चंद्रशेखर आजाद नगर में संभावित भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री वीरेंद्र सिंह बघेल, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी श्री तपिस पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह 18 और 19 फरवरी को

इंदौर. श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ, पश्चिमी क्षेत्र द्वारा 18 और 19 फरवरी को त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन स्कीम क्रमांक 71, स्थित परिसर में संपन्न किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुभाष वन्यायक्या ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन जैन समाज के लिए अत्यंत श्रद्धा, आस्था एवं आध्यात्मिक गौरव का विषय है. समारोह के अंतर्गत 45 वर्षीय दीक्षा-पर्याय पूर्ण करने वाले युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी, 56 वर्षीय दीक्षा-पर्याय पूर्ण करने वाले गुरु हस्ती शिष्य तपस्वीराज शीतलमुनि तथा 65 वर्षीय दीक्षा-पर्याय पूर्ण करने वाली तपस्विनी साध्वी निमाड़ सौरभ रमणिक कुंवरजी दमू के दीर्घ संयममय जीवन की अनुमोदना एवं अभिनंदन किया जाएगा. 18 फरवरी को प्रातः 8.45 बजे धर्मसभा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा.

# कलात्मक प्रस्तुति से प्रतिभागियों को किया मंत्रमुग्ध

- शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूर्तिकला कार्यशाला का आयोजन



**इंदौर** . शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चित्रकला विभाग एवं एकाग्र एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में आर्टमीसिया कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिजाइन के प्रख्यात मूर्तिकार एवं प्रोफेसर गौरव सोनी ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति से लगभग 158 प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया.

प्रोफेसर सोनी ने लाइव मॉडल पर मिट्टी से मूर्ति निर्माण करते हुए अपनी कड़ी मेहनत, सृजनात्मकता और एकाग्रता का परिचय दिया. ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जुड़े प्रतिभागी उनकी कलात्मक प्रस्तुति को देखकर आश्चर्यचकित रह गए . कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और अतिथि कलाकार के स्वागत से हुआ . प्राचार्य डॉ . बी .डी . श्रीवास्तव ने प्रोफेसर सोनी का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया. कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारी डॉ . वी .पी . बैरागी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ . मनीषा जोशी, डॉ . एस .के . छारी, डॉ . सीमा शर्मा, डॉ . विनीता वर्मा, डॉ . उषा महोबिया, डॉ . रजनी भारती, महेश विश्वकर्मा, लाइव मॉडल के रूप में एक छात्र तथा विभाग के अनेक छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की. कार्यक्रम के समापन पर डॉ . कुमकुम भारद्वाज, चित्रकला विभागाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया.

# आलीराजपुर अंचल के राज-रहस्य और रोमांच के कुछ विचित्र प्रसंग

**आलीराजपुर।** -रुयाहर से कोई 5 कि.मी.दूरी पर मालवाई कस्बे में एक तांत्रिक(जादूई)मंदिर है। जिसे कहा जाता है कि वह खजुराहो व सांची की -रुयौली में एक मात्र विचित्र मंदिर है जिसे सदियों पूर्व तांत्रिक अपने जादूई करि-रु39यमे से कही अयंत्र ले जा रहा था। परन्तु प्रातः हो जाने पर इसे यहीं रख वह चला गया। जिसकी गाथा आज भी एक विचित्र व रहस्य बनी हुई है। इसी प्रकार जिला मुख्यालय से दो कि.मी.दूर ग-सजयात कस्बे में सती-ंउचयमाता(चौरनी)के नाम से विख्यात लघु मंदिर है। जिसके बारे में वृध्द-ंउचयबुजुर्ग बतलाते है कि पूर्व में चोरी-ंउचयअपराधी किस्म के कुछ अदिवासी गण इस स्थान पर आकर माताजी से



सफलता की मनोती लेते थे तथा कामयाबी पर मन्नत पूर्ती करते थे। तथा जिले के कट्ठीवाड़ा अंचल जो घने जंगल व -हजयरने के लिए जिले भर में काफी प्रसिध्द है। जहाँ की पहाड़ी पर डुंगरी-ंउचयमाता के नाम से देवी स्थल है जो क्षैत्र में चौरी आदि हुई का माल सहित मुल्जीम को पकड़वा देती है। ये इस अंचल के तीन रोचक व अलोकिक मामले आज भी अतित से आज तक एक राज और रहस्य रोमांच के साथ-ंउचयअचंभे भरे हुए है।

एक नजर में | नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

# शासकीय संस्थाओं में नशे से दूर रहने हेतु जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए

**आलीराजपुर । युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी तो देना ही है साथ ही में नशे की प्रवृत्ति से उत्पन्न होने वाली सामाजिक बुराई पर रोक लगाना जिला प्रशासन का दायित्व और कर्त्तव्य भी है यह बात कलेक्टर नीतू माथुर ने नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय हेतु *NCORD* की बैठक में कही। आज कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में *NCORD* की बैठक आयोजित की गई।**



इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के समस्त शिक्षण संस्थान एवं शासकीय परिसर के आस पास नशीले पदार्थो की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारी के साथ साथ जिला आबकारी विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान उन्होंने विशेष तौर पर नकली शराब एवं ताडी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में युवाओं को नशे से दुर रहने एवं इसके दुष्प्रभाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन करने,साथ ही सोशल मीडिया पर भी इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होने कृषि एवं संबद्ध अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्य क्षेत्र मे निगरानी कर यह सुनिश्चित करें की कोई भी ०?यक्ति जिले में नशीले पदार्थो के उत्पादन एवं खरीदी बिक्री में शामिल तो नहीं है और अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस दौरान कलेक्टर माथुर ने जिला स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा प्रतिबंधित दवाइयां मेडिकल स्टोर पर न हो इसकी जॉच करें , साथ ही कोई प्रतिबंधित दवा प्राप्त होने पर या कोई भी अनियमितता पाए जाने पर संबंधित फर्म या ०?यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करें। आगामी भगोरिया पर्व पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करे एवं महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को निर्देशित किया कि वह इस पर्व में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर भी आयोजित करे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया ने कहा कि जिले में नशीले पदार्थो की रोकथाम के लिए पुलिस हर तरह से मुस्तैद है , शहरी क्षेत्र एवं कस्बो में निगरानी दल के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है । साथ ही समय समय पर युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी पुलिस विभाग द्वारा दी जा रही हैं। आमजन के साथ समन्वय स्?थापित कर जिले को नशे के विरूद्ध जागरूक किया जाएगा। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, नार्कोटिक्स विभाग श्री आर . के . मीणा, आबकारी विभाग बसंती भूरिया सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आलीराजपुर में हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**आलीराजपुर ।** उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 12 से 14 फरवरी 2026 तक जिला आलीराजपुर में महाराजा रेस्टोरेंट फैमिली रेस्टोरेंट में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोर एवं किशोरियों से जुड़ी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक समस्याओं की पहचान, समझ एवं उनके प्रभावी समाधान के लिए शिक्षकों को सक्षम बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं भावनात्मक परिवर्तन, पोषण एवं एनीमिया, मानसिक स्वास्थ्य, जीवन कौशल, संवाद कौशल तथा जेंडर संवेदनशीलता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल, व्यवहारिक और गतिविधि आधारित पद्धति से प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन मास्टर प्रशिक्षक अविनाश वाघेला, प्रमिला किराड़, मडिया बामनिया एवं अमरिन दबूक द्वारा किया गया। समूह चर्चा, रोल प्ले, प्रश्नोत्तरी एवं सहभागिता पूर्ण गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की समस्याओं को समय रहते पहचानने तथा उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर ने जेंडर विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संवेदनशील एवं सजग भूमिका निभाने का संदेश दिया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ . अमित अजनार ने पीपीटी के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी दी तथा 'मनहित' ऐप डाउनलोड करवाया।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ . प्रमेय रेवडिया ने जिले के समस्त विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्था बनाने पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।